तापमान

अधिकतम 42 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 20 अप्रैल 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर




2 दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की होगी व्यवस्था

**खबर संक्षेप**

### 23 से फुटबाल मैच का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा स्वीप नोडल अधिकारी नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिलेभर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत खड़गवां के समस्त ग्राम पंचायतों में मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए प्रतिदिन सुबह 7 से फुटबाल मैच का आयोजन किया जाना है। पंचायत स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन 23 अप्रैल से प्रारंभ किया जाना है। जनपद पंचायत सीईओ विनोद जायसवाल ने समस्त ग्राम सचिवों को इसके लिए व्यापक तैयारी कर अधिक से अधिक लोगों मतदान प्रेरित करने आग्रह किया है।

## दोपहर में सूनी होने लगी सड़कें, शीतल पेय की डिमांड बढ़ी

# पारा 42 के पार, गर्मी से हलाकान हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मौसम साफ होने के बाद पश्चिमी क्षेत्र से आ रही गर्म हवाओं के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसके कारण जिले में तापमान का पारा 40 पार हो गया है, इसके कारण लोगों को गर्मी से बेहाल होना पड़ रहा है।

सुबह होने के कुछ की घंटों में सूर्य की किरणे चुभने लगती है और दोपहर होने पर तो सूर्य आग उगलने लगी है, जिसके कारण तेज धूप से बचने के लिए दोपहर के समय लोग अपने घरों में दुबक जाते हैं, इसके कारण सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो जाती है। आवश्यक कार्य पड़ने पर ही लोग सुरक्षा उपाए अपनाकर घर से बाहर दोपहर के समय निकल रहे हैं। जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व 17 अपै्रल को शहर में तापमान 38 डिग्री रहा, इसके दूसरे दिन बढ़ोतरी होकर 39 डिग्री हो गई थी। इसी बीच लगातार आसमान साफ रहने के कारण तीसरे दिन 19 अपै्रल को तापमान 40 पार हो गया। अभी अप्रैल का महीना समाप्त होने में 10 दिन बचे हुए हैं और लगातार तापमान में बढ़ोतरी होती जा रही है, जिससे कि लोगों को गर्मी से हलाकान होना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच राहत की बात तो यह है कि अप्रैल माह में लू का आसार नहीं है, जिस तरह से अपै्रल माह के दूसरे पखवाडे में लगातार पारा चढ़ रहा है, उसे देखते हुए आगामी कुछ दिनों में तापमान में और भी ज्यादा वृद्धि होने की संभावना है। तब लोगों को भीषण गर्मी से हलाकान होना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल व मई माह में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। कई बार तो अपै्रल माह में ही लू चलने लगती है,लेकिन इस वर्ष ऐसी संभावना कम है,लेकिन मई माह में भीषण गर्मी के साथ लू के थपेडे भी लोगों को झेलने होंगे।



कोरिया कुमार चौक में कम हो रही आवागमन।

### कूलर से ही मिल रही राहत

इन दिनों लगातार बढ़ रही तापमान के कारण लोगों को अपने घरों में पंखा से भी राहत नहीं मिल पा रही है। तापमान में बढ़ोतरी के कारण घर में लगा पंखा भी गर्म हवा दे रही है, ऐसे में गर्मी से सिर्फ कूलर व एसी से ही राहत मिल पा रही है। जिन घरों में कूलर नहीं है, उन घरों के लोगों को पंखों से राहत नहीं मिल पा रही है। यही कारण है कि बाजार में इन दिनों कूलर की मांग बढ़ गई है।

⏭ शेष पेज 2 पर

### गर्मी में रखें सेहत का विशेष ध्यानः विनय



कलेक्टर विनय लंगेह ने आम लोगों से कहा है कि घर से बाहर जाते समय पानी अवश्य रखें और पानी पीते रहें। किसी भी प्रकार की लू लगने या गर्मी की वजह से बीमार होने पर तत्काल अस्पताल या स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जांच, उपचार कराएं। कलेक्टर श्री लंगेह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में लू से संबंधित मौसमी बीमारियों से संबंधित दवाइयों का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएस सेंगर ने गर्मी के मौसम में होने वाले बीमारियों के कारण, लक्षण व बचाव के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम में जिस तरह सूर्य की तेवर से लोग हलकान है। घरों व कार्यालयों में पंखा, कूलर, एसी तेजी के साथ चलने लगा है। वहीं इस ग्रीष्मकाल में होने वाले बीमारियों के प्रति जिला अस्पताल बैकुंठपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने इन बीमारियों के लक्षण व बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी है। विदित हो कि ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने की वजह से हर वर्ष गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, जोकि औसतन एक से दो डिग्री सेंटीग्रेट है। स्वास्थ्य विभाग ने गर्मी से बचाव के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में ओआरएस कॉर्नर बनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कि गर्मी के प्रकोप से होने वाले प्रभाव व रोगों को ठीक किया जा सके।

### मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 23 से 25 तक

**सूरजपुर।** लोकसभा निर्वाचन के सफल संचालन हेतु अनुमोदित कार्ययोजना निर्वाचन प्रशिक्षण के अनुक्रम में मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 23, 24 एवं 25 अप्रैल को प्रातः 9.30 बजे से शासकीय कन्या उ.मा.वि. सूरजपुर, मुख्यमंत्री डीएबी. पब्लिक स्कूल तिलसिवां सूरजपुर एवं शा. आदर्श बालक उ.मा.वि. सूरजपुर में निर्धारित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्पन्न कराने सेक्टर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।








सील किए गए बार्डर एरिया।

## गोयनी बार्डर चेक पोस्ट पश्चिमपारा बॉर्डर सील

**बैकुण्ठपुर।** चुनाव कार्यक्रम की घोषणा पश्चात आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। छग राज्य के विभिन्न जिलों की सीमा अन्य राज्यों यथा मध्यप्रदेश, महाराष्ट, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, झारखंड एवं उत्तरप्रदेश से लगी हुई है। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण 19 अप्रैल के मद्देनजर 18 अप्रैल को उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू एवं चौकी प्रभारी रामगढ़ द्वारा सीमावर्ती राज्य मध्यप्रदेश से छग राज्य की सीमा को छूने वाले रामगढ़ क्षेत्र के गोयनी बॉर्डर चेक पोस्ट एवं पटेलपारा पश्चिमपारा को सील किया गया है। कोरिया पुलिस द्वारा गोयनी बॉर्डर चेक पोस्ट नाका में सहायक उप निरीक्षक प्रभाकर नाथ साहू, आरक्षक अर्जुन टोप्पो, लाजर कुमार एवं हेमंत सिंह पूर्व से ही 24 घंटा तैनात होकर ड्यूटी कर रहे हैं, इसके अतिरिक्त बाइक पेट्रोलिंग के लिए आरक्षक राजेन्द्र सिंह, डीएसएफ समयलाल एवं पश्चिमपारा के बॉर्डर पर बाइक पेट्रोलिंग के लिए आरक्षक तुशंत पाटले, डीएसएफ उमेन्द्र सिंह को तैनात किया है। उपरोक्त दोनों पॉइंट की विशेष निगरानी के लिए पेट्रोलिंग के लिए प्रधान आरक्षक प्रेमलाल टोप्पो, आरक्षक इलियास, अनूप तिग्गा एवं आरक्षक प्रेमलाल साहू की ड्यूटी भी लगाई गई है।



मतदान केन्द्र का जायजा लेते कलेक्टर।

## मतदान केन्द्र पहुंचे कलेक्टर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह शुक्रवार को तेज धूप में जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों में पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया। श्री लंगेह ने मतदान केन्द्र छिंदिया, कुड़ेली, तरगवां, बुढ़ार मतदान केन्द्र जाकर बिजली, पानी, रैम्प आदि की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही शौचालय कक्ष में साफ-सफाई, दरवाजा आदि का मुवायना भी किया। विदित हो कि 7 मई की सुबह 7 बजे से मतदान होना है। लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि आम लोकसभा निर्वाचन में सभी मतदान केन्द्रों में शत-प्रतिशत मतदान हो सके। कलेक्टर श्री लंगेह ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मतदान के पूर्व समुचित व्यवस्था व साफ-सफाई कराएं ताकि किसी प्रकार की समस्या न हो, वहीं सभी मतदान केन्द्रों के दीवारों में मतदान तिथि, समय व अन्य जानकारियां लिखने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम सहित पटना, बैकुंठपुर के तहसीलदार उपस्थित रहे।



शपथ लेते लोग।

## मतदान करने लोगों ने ली शपथ

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा स्वीप नोडल अधिकारी नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिलेभर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भरतपुर द्वारा तकनीकी सहायक, सचिव, रोजगार सहायक, मेंट का बैठक लेकर आवश्यक दिशा -निर्देश दिए तथा स्वीप गतिविधि कार्यक्रम संपन्न किया गया। जनपद पंचायत में वृहत रूप से लोगों मतदान करने की शपथ ली।




## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** नाबालिग को बहला फुसला कर अपने घर ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध में बनाने की शिकायत पर चरचा पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 112/24,धारा 363, 366 ए, 376 (2) ढ, 376(2)च भादवि तथा धारा 4,6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार चरचा कॉलरी थाना क्षेत्र की एक नाबालिक बालिका को आरोपी ने बहला फुसलाकर अपने घर लेकर गया, जहां आरोपी ने जबरन नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाया। इस मामले में शिकायत पर चरचा पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

### तंजरा में दुकान का शटर तोड़ समान नगदी ले उड़े चोर

**सोनहत।** विकासखंड के वनांचल ग्राम तंजरा में बीते 17 अप्रैल की दरम्यिानी रात में मुख्य मार्ग स्कूल चौक से थोड़ी दूर स्थित स्थानीय ग्रामीण रामअवध गुर्जर के किराना दुकान सह ग्राहक सेवा केन्द्र में लगे शटर के ताले को तोड़कर दुकान में रखे किराना सामान तेल, बिस्कुट, आटा, निरमा कपड़ा सहित नगद रकम लगभग 35 हजार एवं अन्य रखे विभिन्न कागजात आदि चोर ले उड़े। घटना सुबह दुकान आने पर संचालक देख पूरे वारदात की लिखित जानकारी थाना सोनहत में दी गई है। हाल ही में ग्राम केशगवां में भी किराना दुकान का ताला तोड़कर समान चोरों द्वारा पार किए जाने की घटना भी सामने आ रही है। वनांचल क्षेत्रों में गरीब ग्रामीणों द्वारा गुजर-बसर के लिए संचलित दुकानों में आए दिन चोरी की वारदात होने से ग्रामीण दहशत जदा हो गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से लगातार क्षेत्र स्तर पर दुकानों में चोरी की घटनाओं में विराम लगाने उचित पहल किए जाने की मांग की है।

### अधिवक्ता संघ के निर्विरोध उपाध्यक्ष बने मयंक

**मनेन्द्रगढ़।** अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ के चुनाव अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने जानकारी दी है कि निर्वाचन वर्ष 2024 के चुनाव में समस्त पदो में जमा किए गए प्रत्याशियों के फार्मो की स्कूटनी की जा चुकी है। इसमे सभी फार्म वैध पाए गए। अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार विजय मिश्रा एवं सुनील दुबे, सचिव पद के लिए राजकुमार गुप्ता एवं आशीष सिंह, सह सचिव पद के लिए राजेश गुप्ता एवं प्रवीण कुमार पटेल एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार कुलदीप जायसवाल, रामेश्वर वर्मन एवं रामकुमार यादव के मध्य चुनाव होना है। उपाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता मयंक जैन निर्विरोध चुने गए हैं एवं महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता, सांस्कृतिक एवं कीड़ा सचिव कमलेश पाण्डेय, पुस्तकालय प्रभारी यारसाय राजवाड़े तथा कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र तिवारी, श्रीमती परवीन बेगम, जयलाल सिंह करयाम, प्रदीप शर्मा, आलोक अग्रवाल, समयलाल परस्ते निर्विरोध चुने गए हैं। शेष पदो में मतदान, मतगणना एवं परिणाम दिनांक 30 अप्रैल को संपन्न होना है।

### मतदान केन्द्र व मशीनों की कमिशनिंग हेतु अधिकारियों- कर्मचारियों को सौंपा दायित्व

**सूरजपुर।** लोकसभा निर्वाचन के सफल संपादन हेतु विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर,भटगांव, प्रतापपुर के लिए निर्धारित होने वाले ईव्हीएम एवं व्हीव्ही पैट मशीनों के कमिशनिंग 26 अप्रैल की सुबह 10 बजे से आईटीआई भवन परी के स्ट्रांग रूम में संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर के निर्देशन में किया जाना है। ईव्हीएम एवं व्हीव्ही पैट मशीनों के कमिशनिंग का कार्य सफल रूप से संपादित किये जाने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर के लिए समीर शर्मा व सूर्यकांत साय को प्रभारी अधिकारी, ईव्हीएम एवं कमिशनिंग सामग्री वितरण हेतु सुश्री हिना टंडन को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र भटगांव के लिए सुरेन्द्र पैकरा व

## पेज 1 का शेष

### पारा 42 के ...

**शीतल पेय व आईसक्रीम की मांग बढ़ी-** गर्मी तेज होने के साथ ही बाजार में आईसक्रीम की डिमांड बढ़ गई है। गर्मी से राहत के लिए कई लोग आईसक्रीम की खरीदी कर रहे हैं, इसके अलावा गन्ना रस की दुकानों में भी लोगों की भीड़ दिनभर जुट रही है। शहर में कई जगहों पर गन्ना रस की दुकाने संचालित हो रही है, जहां पर लोग गन्ना रस पीने पहुंच रहे हैं, इसके अलावा विभिन्न कंपनियों के शीतल पेय पदार्थो की मांग भी बढ़ गई है, जिससे कि लोग गर्मी में राहत महसूस कर सके। उल्लेखनीय है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही शीतल पेय पदार्थो की मांग सबसे अधिक रहती है। यही कारण है कि विभिन्न दुकानों में शीतल पेय पदार्थ भरे पड़े हैं।

हीट स्ट्रोक के लक्षण-
सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना,अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना,
लू लगने का कारण-
तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी की खनिज तत्व मुख्यतः नमक की कमी होने कारण लू लगने की प्रबल संभवना बनी होती है।
बचने के उपाय इन बातों का रखें ध्यान-
बहुत अनिवार्य हो तो तभी घर से बाहर जाना चाहिए, धूप में निकलने से पहले सिर व कानो को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले, पानी अधिक मात्रा पीए, अधिक समय तक धूप में न रहे, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए, ताकि हवा व कपड़े पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पिए, चक्कर आने, मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेयजल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें, प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिए जा सकते हैं। उल्टी, सिर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में सलाह जरूर लें।
लू लगने पर करें प्रारंभिक उपचार-
बुखार पीड़ति व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाएं, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलाएं जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि ,पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा दें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ति व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए ले जाएं, अपने नजदीकी मितानिन या एएनएम से ओआरएस की पैकेट प्राप्त करें।

---

### लोकसभा निर्वाचन: मतदान केन्द्रों से मधुमक्खी के छत्ते हटेंगे, परिसर रहेगी साफ-सुथरा

# दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह शुक्रवार को क्लेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन के लिए बनाए गए मतदान केन्द्रों के सेक्टर प्रभारियों से मतदान पूर्व समुचित व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। सेक्टर अधिकारियों के सुझाव व बताए समस्याओं पर तत्काल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला शिक्षा, जनपद पंचायत, ऊर्जा विभाग, समाज कल्याण, नगरीय निकाय सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। विदित हो कि सभी मतदान केन्द्रों में पृथक-पृथक महिला-पुरूष शौचालय कक्ष होंगे। दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में रैम्प की सुविधा व व्हीलचेयर, छड़ी आदि की व्यवस्था भी रहेगी। मतदान केन्द्रों में साफ पेयजल, शौचालय, बिजली, बाउंड्रीवाल की व्यवस्था की गई है और जहां बिजली आपूर्ति की समस्या हो, वहां सोलर ऊर्जा के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।



सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर विनय कुमार लंगेह।


कलेक्टर, सीईओ ने मोबाइल में लगाए स्टीकर।

#### मतदाताओं के लिए छांव की होगी व्यवस्था

मतदान दिवस के दिन मतदाताओं के लिए छाया की व्यवस्था भी की जाएगी। श्री लंगेह ने मतदान केन्द्रों व परिसर को साफ-सुथरा रखने तथा मधुमक्खी के छत्ते को हटाने के निर्देश भी दिए हैं।

## मोबाइल में स्टीकर लगाकर शासकीय सेवकों ने बताया मतदान का महत्व

**बैकुण्ठपुर।** बस्तर सहित देश के विभिन्न राज्यों में 19 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के तहत प्रथम चरण का चुनाव हो रहे हैं। कोरिया जिले में तृतीय चरण के अंतर्गत 7 मई को मतदान होगा, इसके पहले शुक्रवार कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी सहित तमाम जिला अधिकारी, विभिन्न मतदान केन्द्र के सेक्टर प्रभारियों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत आओ चले वोट करें, वोट करें गर्व करें, मतदान का इंतजार है, कोरिया तैयार है जैसे स्लोगन वाले स्टीकर अपने-अपने मोबाइल कव्हर में लगाकर एक अनोखी मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिए। स्टीकर में कड़ी लोकतंत्र की टूटने न पाए, एक भी मतदाता छूटने न पाए भावपूर्ण स्लोगन जहां आम मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित करेगी। स्वीप कार्यक्रम के तहत यह स्टीकर मोबाइल के अलावा बाइक, स्कूटी में भी लगाया जा सकता है, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में हर मतदाता बढ़-चढ़कर हिस्सेदार बने। विदित हो कि स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करना बहुत आवश्यक है तो मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी है, इसीलिए कोरिया जिला निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार शत-प्रतिशत मतदान हो, इसके लिए अलग-अलग विधाओं के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

**खास बात**
- कोरिया में हो रहा मतदाता जागरूकता अभियान

## मतदाताओं को हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया जा रहा प्रेरित

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा स्वीप नोडल अधिकारी नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिलेभर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता सह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के मार्गदर्शन में 19 अप्रैल को ग्राम पंचायत छिपछिपी, साल्ही में ग्रामीणों को हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदान करने प्रेरित किया गया। जनपद सीईओ ने मौके पर नैतिक मतदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए किसी भी तरह के दबाव या प्रलोभन में आए बिना नैतिक मतदान करना जरूरी है, इसके साथ उपस्थित मतदाताओं से आग्रह किया गया कि मतदान दिवस को पास-पड़ोस के लोगों और रिश्तेदारों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान मतदान हस्ताक्षर अभियान में ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित एनआरएलएम के पदाधिकारी भी शामिल रहे।


मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिवाल में स्लोगन लिख रही महिलाएं।

## छात्र-छात्राओं ने दिया लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के निर्देश एवं मार्गदर्शन के अनुसार शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत राष्टीय सेवा योजना एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई के प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं अनुपा तिग्गा महाविद्यालय स्वीप नोडल एवं रंजीतमणी सतनामी महाविद्यालय स्वीप नोडल, शिवम मिश्रा स्वीप अम्बेसडर सुशील कुमार तिवारी द्वारा महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए सभी को संदेश दिया कि मतदान करना हमारी जिम्मेदारी है, हमें मतदान दिवस सात मई को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करना है, जिससे एक अच्छा जनप्रतिनिधि चुना जा सके। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विश्नोई ने कहा कि मतदान की प्रक्रिया में सहभागिता करने से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, जिससे हमारा लोकतंत्र और राष्ट मजबूत होगा। आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं एवं स्नातक-स्नातकोत्तर स्तर के अन्य छात्र-छात्राओं ने मेंहदी लगाकर, पोस्टर बनाकर, रंगोली बनाकर, भाषण के माध्यम से सहभागिता कर लोकसभा निर्वाचन में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी भागीदारी देते हुए शत-प्रतिशत मतदान में सहभागिता का संकल्प लिया एवं दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य किया।

## चिकित्सक की सूचना पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** नाबालिग किशोरी से प्रेम प्रसंग के दौरान नाबालिग के गर्भवती होने तथा बाद में पेट में गर्भ गिर जाने का मामला सामने आने पर चिकित्सक द्वारा मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को भेजी गई, तत्पश्चात हरकत में आई पुलिस ने नाबालिग के प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म व पोक्सो अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

जयनगर पुलिस ने बताया कि सत्रह वर्षीय नाबालिग किशोरी का थाना क्षेत्र निवासी सुनील पैकरा से प्रेम संबंध चल रहा था।गत 27 फरवरी को आरोपी ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया।इधर इस घटना के करीब डेढ़ माह बाद नाबालिग युवती को पेट दर्द की शिकायत होने के बाद जब वह अपने बहन के साथ जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुंची तो महिला चिकित्सक ने जांच में उसके गर्भवती होने और गर्भ के मिसकेरेज होने की बात बताई।महिला चिकित्सक ने जब नाबालिग और उसके बहन से घटना की जानकारी ली तो उसके नाबालिग होने की पुष्टि हुई।चिकित्सक ने जब एबोर्शन की आवश्यकता बताई तो नाबालिग का मामला होने से महिला चिकित्सक ने घटना की लिखित सूचना कोतवाली भेज दी।कोतवाली पुलिस ने बिना देर किए दुष्कर्म पीड़िता व उसकी बहन को महिला आरक्षक के साथ थाने ले आई और फिर तत्काल पूरे मामले की जानकारी लेते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया और मामले की जांच के लिए केस डायरी जयनगर पुलिस को भेज दी है।

## नवानगर में सड़क दुर्घटना में मृत वृद्धा की हुई शिनाख्त

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मरच्यरी में रखे अज्ञात वृद्धा की लाश की पुलिस ने शिनाख्त करा लिया। अज्ञात वृद्धा की सड़क दुर्घटना में घायल होने से मौत हो गई थी। परिजन ने नहीं होने तथा शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने लाश को मरच्यूरी कक्ष में रखा था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस के मुताबिक 65 वर्षीय वृद्धा बुधवार को ग्राम नवानगर पुलिया के समीप बाइक सवार व्यक्ति से लिफ्ट लेकर घर जा रही थी। जैसे ही बाइक सवार एयरपोर्ट के समीप पहुंचे तभी चालक बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर गिर गए। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। घायलों दरिमा अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आपातकालीन कक्ष में चिकित्सकों ने जांच उपरांत वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। मृतिका के साथ परिजन के नहीं होने पर लाश को शिनाख्त के लिए अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में रखा था। आज कमलेश्वरपुर अंतर्गत ग्राम आमगांव निवासी परिजन ने वृद्धा की शिनाख्त सुमत्री बाई पति हरी यादव (65 वर्ष ) के रूप में की।

# रिहायशी इलाके से कोल परिवहन होने से जनहानि होने की बढ़ी आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

रिहायशी इलाके से कोयला लोड वाहनों के आवागमन को लेकर लोगों में नाराजगी व्याप्त है। कालोनीवासियों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। गौरतलब है कि एसईसीएल महान 3 से नयनपुर तक कोल ट्रांसपोर्टिंग का कार्य इन दिनों कराया जा रहा है, जिसमें ट्रांसपोर्टरों द्वारा मनमानी तरीके से रिहायशी कालोनी क्षेत्र से कोयला परिवहन कार्य पिछले महीने भर से कराया जा रहा है। रिहायशी इलाके से कराए जा रहे कोल ट्रांसपोर्टिंग कार्य की वजह से यहां पर हमेशा किसी अनहोनी का भय लोगों में बना रहता है। कालोनी वासियों का कहना है कि यहां पर घनी आबादी में लोग निवासरत हैं और सड़क के दोनों ओर मकान व दुकान स्थित हैं। ऐसी स्थिति में कोयला परिवहन कराया जाना पूरी तरह से अनुचित है। घनी आबादी के बीच भटगांव-बिश्रामपुर मार्ग पर हो रहे कोयला परिवहन की वजह से अब तक कई छोटी बड़ी दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं। बावजूद इसके अभी तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी, पुलिस प्रशासन तथा यातायात विभाग द्वारा उक्त भारी भरकम वाहनों के परिवहन के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी व्याप्त है। उक्त मामले में भाजपा नेता दीपेंद्र सिंह चौहान व भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता ने कहा कि कालोनी क्षेत्र से अवैध रूप से किए जा रहे कोयला परिवहन कार्य की वजह से लोगों में काफी भय बना रहता है। इसके रोकथाम हेतु पिछले दिनों होली को लेकर थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक में मामले को रखकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की जा चुकी है। बावजूद इसके पुलिस द्वारा केवल कोरा आश्वासन देकर मामले का पटाक्षेप करा दिया गया।

- शिकायत के बाद भी यातायात पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

## ग्राम पंचायत लटोरी के मांझीपारा में पुलिया निर्माण में भारी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/रजपुरीकला

ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी तथा लंबे समय से की जा रही मांग पर ग्राम पंचायत लटोरी के मांझीपारा में पुलिया निर्माण स्वीकृत हुई। हैरानी की बात यह है कि 6 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य शुरू किया गया। निर्माण कार्य में न सिर्फ लापरवाही बरती गई बल्कि गुणवत्ता को दरकिनार कर कार्य किया जा रहा है। घटिया निर्माण कार्य को देख ग्रामीणों ने घटना की शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों से की परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। विकासखंड लखनपुर ग्राम पंचायत लटोरी के मांझीपारा पंचायती रोड पर समग्र विकास से 6 लाख के लागत से ग्राम पंचायत निर्माण एजेंसी द्वारा पुलिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है लेकिन गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है और न ही मानक अनुरूप निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया निर्माण के लिए कॉलम की ढलाई का कार्य कुछ दिन पहले शुरू हुआ। ढलाई 40 एमएम गिट्टी से होना था परंतु मनमानी तरीके से 40 एमएम गिट्टी के जगह पर 60 एमएम गिट्टी लगाकर ढलाई किया जा रहा है। बावजूद इसके संबंधित विभाग द्वारा न तो पुलिया का जायजा लिया और न ही निर्माण कार्य को लेकर गंभीर है। घटिया पुलिया निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोगों ने संबंधित अधिकारी से शिकायत की। साथ ही मांग किया कि पुलिया को तुड़वाकर नए सिरे से निर्माण कराए परंतु इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

## विद्युत वितरण केन्द्रों एवं ट्रांसफार्मर से स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन के निर्देश पर निजी कंपनी ने अब शहर एवं ग्रामीण विद्युत संभाग में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। योजना के प्रथम चरण में लाइन लॉस को दुरूस्त करने के लिए सभी विद्युत फीडर एवं ट्रांसफार्मरों को स्मार्ट मीटर से जोड़ा जा रहा है ताकि वास्तविक खपत एवं विद्युत चोरी की सही जानकारी मिल सके। स्मार्ट मीटर लगने के बाद विभाग विद्युत चोरी को रोकने का अभियान चलाएगा। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति की जाने वाली बिजली का बड़ा हिस्सा यूंही बर्बाद हो जाता है। 15 फीसदी बिजली जर्जर एवं पुराने उपकरणों के कारण नष्ट हो जाती है वहीं बड़ी संख्या में लोग हुकिंग एवं मीटर में छेड़छाड़ कर विद्युत की चोरी करते हैं। इस तरह से बेकार खर्च हो रही लाइन लॉस को रोकने विभाग पिछले पांच सालों से अभियान चला रहा है लेकिन इसे पूरी तरह से रोकने में सफलता नहीं मिल रही है। बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिजली का उपयोग करते हैं लेकिन समय पर बिल का भुगतान नहीं करते। बकाया राजस्व को वसूलने विभाग को पूरे साल कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है इसके बावजूद बकाया राजस्व में कमी नहीं आती। विद्युत वितरण कंपनी ने इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए अब घर-घर स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय लिया है। कंपनी ने सरगुजा के विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने की जिम्मेदारी वीनस कंपनी को सौंपी है। कंपनी ने शहर संभाग के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में वहीं प्रथम चरण में ग्रामीण विद्युत संभाग के सभी विद्युत उपकेन्द्रों एवं ट्रांसफार्मरों में मॉडम एवं स्मार्ट मीटर लगाने की स्वीकृति प्रदान की है।



#### ट्रांसफार्मरों में लग रहा स्मार्ट मीटर

विनस कंपनी द्वारा प्रथम चरण में विद्युत उपकेन्द्रों में मॉडम एवं ट्रांसफार्मरों में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। मॉडम एवं मीटर से हर दिन के खपत, उपयोग एवं लॉस की जानकारी मिलेगी। इससे बिजली चोरी रोकने में आसानी होगी। विभाग द्वारा हर दिन के विद्युत व्यवधान की जानकारी कंपनी को भेजा जा रहा है।

-रोशन नागवंशी, ईई
ग्रामीण विद्युत संभाग

### बाजार में छाई रौनक, यात्री वाहनों में बढ़ी भीड़

# अप्रैल में वैवाहिक कार्यक्रमों की भरमार

**बैकुण्ठपुर।** खरमास खत्म होने के बाद विभिन्न तरह के मांगलिक कार्यो की शुरूआत होने के साथ ही वैवाहिक कार्यक्रम भी शुरू हो गए हैं। जानकारी के अनुसार खरमास समाप्त होने के बाद विवाह के मुहूर्त 18 अप्रैल से शुरू हो गया है, इसके साथ ही पहले ही मुहूर्त में जमकर शादियां हुई।

पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल माह में विवाह के सिर्फ पांच ही मुहूर्त हैं, जो 18 अप्रैल से शुरू होकर 22 अप्रैल तक ही विवाह के मुहूर्त है। ऐसे में उक्त सभी विवाह मुहूर्त में जमकर शादियां हो रही है, क्योंकि 22 अप्रैल के बाद विवाह का कोई मुहूर्त नहीं है। इसी तरह इस वर्ष मई एवं जून माह में भी एक भी विवाह मुहूर्त नहीं हैं, इसके चलते अप्रैल माह के विवाह मुहूर्त जमकर विवाह कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार आगामी 23 अप्रैल से 30 जून तक शुक्र अस्त हो रहा है। इस अवधि में विवाह संस्कार संपन्न नहीं किया जाता है, जिसके कारण ही 22 अप्रैल के बाद मई एवं जून तक कोई भी विवाह मुहूर्त नही है, इसके बाद सीधे जुलाई से विवाह के मुहूर्त है, तब बरसात भी शुरू हो जाती है। इस दौरान कम ही विवाह कार्य संपन्न होते हैं। यही कारण है कि चालू माह में 18 अप्रैल से शुरू विवाह मुहूर्त जो कि 22 तक है इस बीच जमकर विवाह की तैयारियां है। इसकी वजह से यात्री वाहनों में भी अच्छी खासी भीड़ चल रही है।



#### बाजार में खरीददारी की चहल पहल

वर्तमान में चल रहे वैवाहिक सीजन के कारण बाजार में विभिन्न तरह के सामानों की खरीदी में लोग जुट गए हैं, इसके कारण बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। किराना सामानों के अलावा बर्तन, कपड़ा व अन्य सामानों की खरीदी के लिए शहर के दुकानों में लोग पहुंच रहे हैं, इसके कारण बाजार में वैवाहिक कार्यक्रमों की खरीदी के लिए चहल-पहल बनी हुई है। प्रतिदिन बाजार में विभिन्न क्षेत्रों के लोग सामान खरीदी करने के लिए पहुंच रहे हैं। वैवाहिक कार्यक्रम के चलते ही ग्रामीण क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजारों में भी भीड़ जुट रही है।


#### टेंट, कैटरर, बैंड व डीजे की एडवांस बुकिंग

विवाह के सीजन शुरू होने के पूर्व ही विवाह से जुड़ी विभिन्न जरूरतों के लिए लोगों के द्वारा एडवांस बुकिंक भी करा लिए हैं। इस बार विवाह के कम मुहूर्त होने के कारण एक ही दिन में कई शादियां संपन्न रही है, जिसके कारण वैवाहिक विभिन्न जरूरतों के लिए मुश्किलों का सामना भी करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार विवाह कार्यक्रम के लिए टेंट्र कैटरर, बैंड व डीजे, फोटोग्राफर सहित अन्य जरूरत के लिए कई दिनों पूर्व से एडवांस बुकिंग कर ली गई है। वहीं इस वर्ष अप्रैल में ही सिर्फ पांच मुहूर्त होने के कारण डीजे, कैटरर सहित अन्य जरूरत के लिए मारामारी चल रही है।

## शिक्षक की हरकतों से परेशान छात्राओं ने छोड़ा छात्रावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/लखनपुर

ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए शुरू की गई नीट कोचिंग के दौरान छात्राओं को बीआरपी द्वारा आपत्तिजनक मैसेज भेजने के मामला सामने आया है। बीआरपी की ड्यूटी छात्राओं के आवागमन, बस सुविधा के लिए लगाई गई थी। बीआरपी ने चार छात्राओं को वाटसअप मैसेज कर आपत्तिजनक बातें की हैं। इस मामले की शिकायत छात्राओं ने डीईओ से की है जबकि छात्राएं तैयारी छोड़कर वापस घर लौट आई हैं। अब इस मामले में डीईओ द्वारा नोटिस जारी कर बीआरपी अनिलेश तिवारी को हटा दिया गया है व मूल पद पर वापस भेज दिया गया है। मार्च माह से 2 माह की पढ़ाई के लिए नीट आवासीय निःशुल्क कोचिंग सेंटर अंबिकापुर में राज्य शासन व कलेक्टर के प्रयास से आसपास विकासखंड स्थित स्कूलों से बेहतर पढ़ने वाले छात्रों को चयन किया गया। चयनित छात्रों को अंबिकापुर छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने की व्यवस्था की गई थी। जिले से लगभग 200 छात्रों द्वारा इस आवासीय निःशुल्क कोचिंग सेंटर अंबिकापुर में पढ़ाई किया जा रहा जिसमें लखनपुर के छात्रा भी शामिल है। लेकिन बीआरपी अनिलेश तिवारी अश्लील व्हाट्सएप मैसेज कर छात्राओं को परेशान करने लगा। बीआरपी की इस हरकत से परेशान छात्राओं ने छात्रावास को छोड़ वापस अपने घर लखनपुर क्षेत्र में लौट गई। साथ ही घटना की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से की। बताया जा रहा है कि बीआरपी अनिलेश तिवारी मैनपाट क्षेत्र में सर्व शिक्षा अभियान के तहत समावेशी शिक्षा में बीआरपी के पद पर कार्यरत था।



# 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का रजिस्ट्रेशन 26 से शुरू

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने बड़े पर्दे के साथ छोटे पर्दे पर भी अपनी छाप छोड़ी हैं। उनके लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को दर्शक काफी पसंद करते हैं। अब यह अपने नए सीजन के साथ वापस आ रहा है। अमिताभ ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का ऐलान कर दिया है। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' का प्रोमो सामने आ चुका है, जिसे देख प्रशंसक खुशी से झूम उठे हैं। आइए जानते हैं शो के रजिस्ट्रेशन कब से शुरू होंगे। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को आप सोनी टीवी पर देख सकते हैं। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई। चैनल ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रोमो साझा करते हुए लिखा, 'ऐसा मिला प्यार की लौट रहा है।

## लाइफ Style

# सोनाली

## 'द ब्रोकन न्यूज 2' का ट्रेलर जारी



सोनाली बेंद्रे की वेब सीरीज 'द ब्रोकन न्यूज' को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। यह सीरीज 10 जून, 2022 में जी5 पर रिलीज हुई थी। 'द ब्रोकन न्यूज' की सफलता को देखते हुए हाल ही में निर्माताओं ने सीरीज की दूसरी किस्त का ऐलान किया, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब 'द ब्रोकन न्यूज' की दूसरी किस्त की रिलीज तारीख से पर्दा उठ चुका है। इसके साथ निर्माताओं ने सीरीज का ट्रेलर जारी कर दिया है। जयदीप अहलावत, श्रिया पिलगांवकर, इंद्रनील सेनगुप्ता, तारुक रैना, आकाश खुराना और किरण कुमार भी इसका हिस्सा हैं। विनय वाइकुल ने इस सीरीज का निर्देशन किया है। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। समीर गोगेट इस सीरीज के निर्माता हैं। 'द ब्रोकन न्यूज' का प्रीमियर 3 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'ब्रेकिंग न्यूज की नई कहानी, सच भी बनेगा सनसनीखेज।' बता दें कि कैंसर की बीमारी ने सोनाली के साथ साथ उनके फैन्स को भी सदमे में डाल दिया। कैंसर का इलाज करने के लिए वे न्यूयॉर्क गईं, जहां कुछ महीनों तक उनका इलाज चला। इसके बाद उन्होंने कैंसर को मात दे दी। सोनाली ने साल 2002 में फिल्म प्रोड्यूसर गोल्डी बहल के साथ शादी की। इसके बाद कुछ समय के लिए सिनेमा से दूर हो गईं। फिल्मों के अलावा फिलहाल टीवी शोज में बतौर जज सोनाली काफी एक्टिव थीं। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने 19 साल की उम्र में ही अपनी फिल्मी करियर की शुरुआत कर दी थी।

## हॉलीवुड मसाला



# 'मंकी मैन' को मिल रहा भरपूर प्यार

**लॉस एंजिलस।** सोभिता धुलिपाला अपने हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'मंकी मैन' के साथ ओस्कर-नॉमिनेटेड देव पटेल के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। यह एक एक्शन-पैक्ड रिवेंज टेल है, जो अब आखिरकार थिएटरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म को सोभिता के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन माना जा रहा है, क्योंकि वे अपने कदमों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म की ओर बढ़ा रही हैं। फिल्म में उनका किरदार सुपर इंट्रीग्यूइंग है, और उनका इंटेंस प्रैसेंस सभी का ध्यान उनकी तरफ खींच रहा है।



# टाइटैनिक का हीरो 49 का, 29 की गर्लफ्रेंड संग हुआ स्पॉट...

**लॉस एंजिलस।** लियोनार्डो डिकैप्रियो और गीगी हदीद का रोमांस एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है, अफवाह है कि इस जोड़ी को एक बार फिर एक साथ देखा गया है। ऑस्कर विजेता एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो और सुपरमॉडल गीगी हदीद के बीच रोमांस काफी समय से हॉलीवुड खबरों का फेवरेट सबजेक्ट रहा है। पिछले साल सितंबर में डेटिंग की अफवाहें फैलने के बाद, डिकैप्रियो और हदीद ने अपने ब्रेक-अप और पैच-अप की अटकलों से कई बार नेटिज़न्स और मीडिया का ध्यान आकर्षित किया। अब एक बार फिर दोनों साथ में नजर आए। भले ही डिकैप्रियो 49 साल के हैं और हदीद 29 साल की हैं, लेकिन दोनों की जोड़ी को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। उम्र का अंतर इस रोमांटिक कपल के सामने फीका लगता है।




# धोनी पर बनी रही एक और फिल्म


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर खड़े नजर आ रहे हैं, जिनकी जो अपने दोनों हाथ ऊपर की ओर उठाए खड़े हैं, साथ ही उनकी पीठ दिखाई दे रही है। दोनों इंडियन जर्सी पहने नजर आ रहे हैं, जिस पर दोनों के नाम 'महिमा' और 'महेंद्र' लिखा नजर आ रहा है।



# अक्षय साउथ में कदम रखने को तैयार

**मुंबई।** अक्षय कुमार को इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में देखा जा रहा है। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अक्षय की आने वाली फिल्मों में 'सिंघम अगेन', 'वेलकम टू द जंगल', 'फिर हेरा फेरी 3' और 'शंकरा' शामिल हैं। अब अक्षय दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखने जा रहे हैं। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बन रही फंतासी ड्रामा फिल्म 'कन्नप्पा' की स्टार कास्ट में अक्षय शामिल हो गए हैं। 'कन्नप्पा' विष्णु मंचू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रभास, मोहनलाल, प्रभुदेवा और आर सरथ कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। विष्णु ने अक्षय का स्वागत करते हुए लिखा, 'यह यात्रा और अधिक रोमांचक हो गई है क्योंकि हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म सिनेमा में स्वागत कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# कपिल को मिला था अमर सिंह चमकीला का ऑफर

**नई दिल्ली।** द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया एपिसोड अब तक का सबसे मनोरंजक था और इसे देखने वाले दर्शकों ने खूब एंजॉय किया क्योंकि इसमें दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा और इम्तियाज अली अपनी नई फिल्म अमर सिंह चमकीला का प्रमोशन करते नजर आए थे। इस दौरान सभी ने एक दूसरे के साथ काफी मस्ती की और लोगों को हंसाया। कपिल शर्मा ने हाल ही में शो की शूटिंग के पीछे का एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने ऐसा खुलासा किया कि उसे जानकर लोग हैरान रह गए। क्लिप में कपिल शर्मा ने बताया कि उन्हें फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिए एआर रहमान का फोन आया था, लेकिन वो मिस कर गए और फिर जब उनके कॉल के सच का पता चला तो वो पूरी रात रोते रहे।

***कपिल को आया था एआर रहमान का फोन :*** कपिल शर्मा ने एआर रहमान की जिस कॉल के मिस होने का खुलासा किया, वो उनके एक्टिंग करियर के लिए कारगर साबित हो सकती थी क्योंकि वो देश के लोकप्रिय क्रमेडियन इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनें लेकिन तब कपिल शर्मा को लगा कि रहमान सिर्फ दोस्ताना व्यवहार कर रहे हैं।

***विदेश में रहने के कारण कॉल मिस की :*** पर्दे के पीछे की क्लिप में कपिल ने जिक्र किया कि उन्होंने फिल्म के म्यूजिकल एआर रहमान की कॉल मिस कर दी, क्योंकि वो विदेश में थे। कपिल ने उस घटना को याद करते हुए कहा, 'मैं एक दिन रहमान सर से मिला और उन्होंने कहा, 'मैंने तुम्हें चमकीला के लिए बुलाया था। कपिल ने आगे बताया कि 'मुझे लगता है कि वो चाहते थे कि मैं कोई गाना या कुछ और गाऊं मुझे लगा कि वो मेरे साथ सिर्फ मीठी-मीठी बातें कर रहे थे।

***मौका खोकर रातभर रोए कपिल शर्मा :*** वहीं इम्तियाज ने कहा कि रहमान ने कपिल की सिंगिंग के बारे में बात की थी। कपिल ने कहा, 'उन्होंने मुझसे ये बात सीरियस अंदाज में कही। मैंने कहा, 'सर हम विदेश में थे और इसीलिए हम एक-दूसरे से बात नहीं कर सके। यह दुर्भाग्यपूर्ण था।

### दमदार है अमर सिंह चमकीला की कहानी

बता दें कि फिल्म की समीक्षा में कहा गया, 'हीरो के रूप में दिलजीत ने शानदार अभिनय किया है। अमर सिंह चमकीला का किरदार उनके लिए ही बनाया गया है और वो इसमें अपना दिल लगा देते हैं। उनकी कड़ी मेहनत स्पष्ट है और फिर भी उनका प्रदर्शन सहज है। उन्हें चमकीला बनते और उनके गाने गाते हुए देखना आपके दिल को अनूठे आनंद से भर देगा। यहां तक कि कुछ भारी-भरकम सीन्स में भी, वो एक दुर्लभ संयम सामने लाते हैं और शिष्टता की एक पूरी नई परत प्रस्तुत करते हैं। निस्संदेह, यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और बीच में कहीं, आप उसे चमकीला के साथ एक होते हुए देखेंगे और बहुत जल्द, आप उन ताकतों को अलग नहीं कर पाएंगे जिन्होंने पंजाब के संगीत उद्योग को हमेशा के लिए बदल दिया।

# जूनियर एनटीआर ने पहनी बेहद महंगी घड़ी

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जान-माने अभिनेता जूनियर एनटीआर का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, हाल ही में



एनटीआर को मुंबई में एक स्टूडियो के बाहर देखा गया था, जहां उनकी घड़ी ने सबका ध्यान खींच लिया। एनटीआर ने रिचर्ड मिल्ली की घड़ी पहनी हुई थी, जिसकी कीमत हर कोई जानना चाहता है। मीडियो रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता की इस घड़ी की कीमत 7.5 करोड़ रुपये है। एनटीआर इन दिनों अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के साथ बनी है। सैफ अली खान भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। यह फिल्म अब 10 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी।



# माधुरी-विद्या 'भूल भुलैया 3' में लगाएंगी डांस का तड़का

**मुंबई।** बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' के नाम से मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जहां कई फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं, वहीं अभिनेत्री विद्या बालन भी अपनी शानदार अदाकारी के चलते खूब वाहवाही लूटती हैं। अब ये दोनों अभिनेत्रियां फिल्म 'भूल भुलैया 3' के लिए साथ आ रही हैं। खास बात यह है कि निर्माताओं ने उन पर एक डांस नंबर फिल्माने का फैसला किया है।

***अमी जे तोमार नाम के गाने पर थिरकेंगी दोनों :*** रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने फिल्म में एक स्पेशल डांस नंबर रखा है, जो इसके मुख्य आकर्षणों में से एक होगा। इस गाने में माधुरी और विद्या पहली बार साथ पर्दे पर थिरकती नजर आएंगी। फिल्म का यह गाना बेहद खास होगा। निर्माता भूषण कुमार विद्या और माधुरी पर 'अमी जे तोमार' नाम का गाना फिल्माने जा रहे हैं। गाने की शूटिंग के लिए लोकेशन पर फिलहाल विचार किया जा रहा है। इसकी शूटिंग अगले महीने हो सकती है।

***कार्तिक भी मचाएंगे धमाल :*** रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि यह गाना बड़ा धमाकेदार रहने वाला है और इसके बोल कुछ ऐसे होंगे, जो दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देंगे। फिल्म के हीरो कार्तिक आर्यन भी इस गाने में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। फिल्म का यह गाना सभी मुख्य किरदारों को ध्यान में रखकर लिखा गया है। यह गाना फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ाने के लिए रखा गया है। फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग चल रही है।

### 'भूल भुलैया' में 'मंजुलिका' बन विद्या ने जीता था दिल

विद्या 2007 में आई 'भूल भुलैया' की पहली किस्त का हिस्सा थीं, जिसमें वह अवनि और मंजुलिका के किरदार में दिखी थीं। इस फिल्म में अक्षय और शाइनी आहूजा भी शामिल थे। इसके बाद 2022 में फिल्म की दूसरी किस्त आई, जिसमें कार्तिक के साथ कियारा आडवाणी की जोड़ी बनी और तब्बू भी नजर आई थीं। अब अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही 'भूल भुलैया 3' आएगी, जिसके लिए कार्तिक और विद्या ने पहली बार हाथ मिलाया है।

***विद्या की 1 फिल्म कतार में, माधुरी के हाथ में नहीं कोई फिल्म :*** विद्या फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर भी चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार अभिनेता प्रतीक गांधी और इलियाना डिक्रूज नजर आएंगी। पिछले दिनों फिल्म का ट्रेलर सामने आया था, जिसमें खासतौर से विद्या की काफी तारीफ हुई थी। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। उधर माधुरी को आखिरी बार 2022 में फिल्म 'मजा मा' में देखा गया था।

## दादासाहेब फाल्के की है लंका दहन साइलेंट मूवी, एक ही शख्स ने निभाया राम-सिया का किरदार

# 107 साल पहले बनी थी भगवान राम पर पहली फिल्म

### थियेटर्स में मंदिर जैसा माहौल, दर्शक जूते-चप्पल उतारकर जाते थे भीतर

*नए दौर में नए विजुअल इफेक्ट्स और बड़े बड़े कलाकारों के साथ फिल्मी पर्दे पर आई फिल्म आदिपुरुष कोई कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन आज से 107 साल पहले जब भगवान राम की कहानी फिल्मी पर्दे पर आई थी तो थियेटर में दर्शकों की लाइन लग गई थी। बता दें कि उस रामायण में न आवाज थी न कोई भारी भरकम एक्ट्रेस।*

**नई दिल्ली।** दिलचस्प बात तो ये है कि राम और सिया का रोल प्ले करने के लिए एक ही शख्स को चुना गया। वही फिल्म का राम था और वही सीता भी। उसके बावजूद थियेटर्स में पूरी तरह मंदिर जैसा माहौल रहता था। दर्शक भीतर जाने से पहले जूते और चप्पल निकालकर जाया करते थे। इस रामायण को दादा साहब फाल्के ने लंका दहन के नाम से बनाया था।

### फिल्मों के लिए नहीं मिलती थी हीरोइन

इस फिल्म की खास बात ये थे कि फिल्म के लिए दादा साहब फाल्के को हीरोइन नहीं मिला करती थीं। साल 1913 में दादा साहब ने हरिश्चंद्र फिल्म बनाई। इस फिल्म में भी हीरोइन का रोल अदा किया अन्ना सालुंके नाम के शख्स ने। उनके पतले हाथ और दुबला पतला



डील डौल महिला का किरदार निभाने के लिए बिलकुल उपयुक्त था। इसलिए जब 1917 में दादा साहब ने लंका दहन बनाना शुरु की तो अन्ना सालुंके को ही सीता का रोल दिया। चुनौती थी पुरुष का किरदार अदा करने की लेकिन अन्ना सालुंके ने अपने हाव भाव और बॉडी लेंग्वेज पर इतना काम किया कि वो राम के किरदार में भी फिट बैठे और उन्होंने ही राम का किरदार भी निभाया।

### डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बने

राम और सीता दोनों का रोल कर अन्ना सालुंके तो हिंदी सिनेमा के डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बन गए। सबसे बड़ी बात ये थी कि लोगों ने भी उन्हें दोनों रोल में अपनाया। राम सीता की रामायण देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग थियेटर तक पहुंचे। नई टेक्निक से डबल या तीन रोल करना आज के कलाकारों के लिए भले ही आसान हो गया है लेकिन सोचिए कि आज से 107 साल पहले डबल रोल वाली फिल्म को बनाने में कितनी न कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा।

### बिना आवाज के जगाया भक्तिभाव

बता दें कि इस फिल्म की छवि कुछ ऐसी बनी कि लोग कलाकारों को भगवान का ही दर्जा देने लगे। उस जमाने में यह फिल्म जिस थियेटर में लगी थी वहां भक्तिभाव का आलम ये था कि लोग जूते-चप्पल उतार कर ही सिनेमा हॉल के भीतर जाते थे। हालांकि फिल्म में कोई आवाज नहीं थी। उसके बाद भी भगवान के प्रति भक्ति का संदेश लोगों तक साफ साफ पहुंचा।

Online Booking : www.tripuryatra.com

# स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024 तक ( 07 दिन )

रायपुर (08:00), उसलापुर (10:30), शहडोल (14:00) से होकर

सबसे कम राशि पर

चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...



जय माता दी

# माता वैष्णव देवी

## माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)

स्लीपर मात्र 8,500/-

### स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं

1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी ।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है ।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहती है ,खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे ।
6. सभी श्रद्धालुओं के ग्रुप को सीट एक साथ मिलती है।

राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी -20,500/-, 2 एसी -25,500/- ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।



स्लीपर मात्र 18,500/-

सबसे कम राशि पर

# चार धाम यात्रा

रायगढ़ (11.56), खरसिया (12.21), सक्ती (12.36), बाराद्वार (12.50), चांपा (13.15), जांजगीर नैला (13.26), अकलतरा (13.40), बिलासपुर जंक्शन (14.30), पेंड्रा रोड (16.15), भाटापारा ( 06.30), तिल्दा (06.53), रायपुर जंक्शन (07.40), दुर्ग (08.35), राजनांदगांव (08.59), डोंगरगढ़ (09.24), अनूपपुर जंक्शन (17.15)

## श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
09 मई से 22 मई 2024
20 मई से 02 जून 2024
24 मई से 06 जून 2024
26 मई से 08 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
05 सितंबर से 18 सितंबर 2024
20 सितंबर से 03 अक्टूबर 2024

### चारधाम की विशेष सुविधा

1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक। 2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा। 3. रात्रि विश्राम के लिए हॉटल / लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा। 4. सर्वेश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाश्ते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था। 5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा।

चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें-8802411411

नोट : कृपया अंतिम दिनांक से पहले बुकिंग करवालें क्योंकि ट्रेन में वेटिंग लगने पर टिकिट नहीं मिल पाती है।

यात्रा पंजीयन अप्रैल में खुल गई है आपको यात्रा पंजीयन करवाना अनिवार्य है। अन्यथा आपका चार धाम यात्रा करना मुश्किल रहेगी।

स्लीपर 22,500/- , 3 एसी -32,500/-, 2 एसी - 38,500/- ऑफर : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST) 25 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी, वाराणसी (काशी विश्वनाथ), प्रयागराज (त्रिवेणी संगम), अयोध्या (राम जन्मभूमि), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
09 मई से 22 मई 2024
06 जून से 19 जून 2024
25 जुलाई से 07 अगस्त 2024
22 अगस्त से 04 सितंबर 2024
12 सितंबर से 25 सितंबर 2024
10 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2024
28 नवंबर से 11 दिसंबर 2024
19 दिसंबर से 01 जनवरी 2025

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# अमरनाथ यात्रा

स्लीपर मात्र 13,500/-

## बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
16 जुलाई से 26 जुलाई 2024
06 अगस्त से 16 अगस्त 2024

नोट : आपको अमरनाथ का स्वयं मेडिकल व रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

राशि : 18,500/- रु., 3एसी-25,100/-, 2एसी-30,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 13,500/- 3 एसी-20,500/-, 2 एसी-25,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्नेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
24 जुलाई से 03 अगस्त 2024
21 अगस्त से 31 अगस्त 2024
11 सितंबर से 21 सितंबर 2024
16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2024
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
25 दिसंबर से 04 जनवरी 2025

राशि : 20,500/- रु., 3एसी-28,100/-, 2एसी-32,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-22,500/-, 2 एसी-28,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

## स्पेशल ट्रेन से 14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक ( 07 दिन )

# द्वारकाधीश धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, माउंट आबू / उज्जैन (महाकालेश्वर)

राशि : 12,500/- रु., 3एसी-20,100/-, 2एसी-25,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

## स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)

नोट : तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

# रामेश्वरम् धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

रिजर्वेशन कोच (10 दिन)
04 जून से 13 जून 2024
20 अगस्त से 29 अगस्त 2024
10 सितंबर से 19 सितंबर 2024
15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

## स्पेशल ट्रेन से 13 सितंबर से 18 सितंबर 2024 तक ( 06 दिन )

# गंगा सागर यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

## गंगा सागर, जगन्नाथपुरी, माँ कामाख्या देवी

राशि : 13,500/- रु., 3एसी-21,100/-, 2एसी-26,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

**स्पेशल ऑफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर**

सुविधायें : यात्रा के दौरान -1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में फैमलि वाईस ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा।

नोट : 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी। 4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी।

नियम एवं शर्तें : 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन पूर्व पूर्ण राशि का निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन पूर्व 50 प्रतिशत, 7 दिन पूर्व 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन पूर्व राशि वापसी नहीं हो पाएगी। 2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योग्य नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी। 4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अथवा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी। 5. समिति स्पेशल ट्रेन/ कोच के लिए रेलवे में आवेदन करेगी, परंतु किसी कारावश स्पेशल ट्रेन/ कोच रेल्वे से उपलब्ध नहीं हो पाती है तो उस स्थिति अनुसार आपको रिजर्वेशन कोच से यात्रा करनी रहेगी। सहमती पर ही बुकिंग करवायें। 6. एसी वाले भक्त जनों का स्पेशल ट्रेन व कोच में रामेश्वरम् यात्रा दिसंबर के अलावा सभी यात्रा में एसी यात्री कम होने के कारण रिजर्वेशन कोच में ही यात्रा करनी रहती है कृपया अपनी सहमति पर ही बुकिंग करवाएं। 7. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 8. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

**नोट : कृपया *www.tripuryatra.com* से टूर प्रोग्राम (आईटनरी), नियम व शर्तें को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें।**

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

shree tripur tirth yatra

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षक एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव ( छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ)(एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता)

समिति की उपलब्धियां -
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ZEE मध्य प्रदेश-छतीसगढ़, छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री मा. श्री अरूण साव जी द्वारा सम्मानित समिति
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिहं अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- महिला बाल विकास पूर्व मंत्री माननीया अनीला भेड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- नौ राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

OFFICE ADDRESS
RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road , DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, HARYANA: Panghal Travels 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com